## एक नजर में

### कृषि आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़ 08 मई, का.** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एक कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन आजीविका भवन राजगढ़ में किया गया. पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी आतिश कुमार राउत महाप्रबंधक, बृजलाल गुप्ता सर्कल हेड उज्जैन और विशाल यादव उपसर्कल हेड उज्जैन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 15 स्वीकृति पत्र) वितरित किए गए, जिनकी कुल राशि 2 करोड़ रुपये थी.

### जिले में खाद का पर्याप्त भंडार उपलब्ध

**राजगढ़ 09 मई, का.** खरीफ फसलो की बोनी तैयारी हेतु प्रदेश एवं जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है. वर्तमान स्थिति में प्रदेश का उपलब्ध स्टॉक लगभग 6.40 लाख में.टन. यूरिया, 1.57 लाख में.टन. डीएपी 3.56 लाख में.टन. एनपीके इस प्रकार 5.13 लाख में.टन. डीएपी एनपीके तथा 3.50 लाख में.टन. एसएसपी उर्वरक है. साथ ही जिलें में वर्तमान स्थिति में 20459 में.टन. यूरिया, 5467 में.टन. डीएपी, 7937 में.टन. एनपीके, 12024 में.टन. एसएसपी एवं 356 में.टन. पोटाश खाद उपलब्ध है। विषम वैश्विक परिस्थितियों के उपरांत भी भारत सरकार द्वारा प्रदेश में उर्वरको की आपूर्ति निर्बाध तथा तय कार्यकम अनुसार निरंतर की जा रही है।प्रदेश में उक्त उपलब्ध खाद सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केन्द्रवार, निजी दुकानदार ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध है. उप संचालक कृषि सचिन जैन द्वारा किसान भाईयो से आग्रह किया है कि किसान भाई अपनी आवश्यकतानुसार खाद अपनी सोसायटी /मन पसंद दुकान से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर अपना खाद को उठा सकते है. ई-विकास प्रणाली में राजस्व पट्टाधारी, सिकमी किसान, शारीरिक रूप से अक्षम किसान, वृद्ध किसान मृतक किसान के वारिसान को, धार्मिक संस्थान/ट्रस्ट, आदि की जमीन के लिए खाद उपलब्ध कराने हेतु सुविधा दी गयी है. उपसंचालक व जिला विपणन अधिकारी बबन मोर्या ने किसानो को खरीफ की फसलो की बोनी हेतु फसलो की अनुशंसित खाद की मात्रा अनुसार यूरिया, एसएसपी, एनपीके, डीएपी पोटाश खाद की पूर्ण मात्रा को एक बार में ही उठा सकता है.

# लूट के बाद छोड़कर जाते हैं नकली सबूत

## पारदी गैंग पुलिस को गुमराह करने के लिए नकली सबूत बनाकर भ्रमित करने वाले 4 शातिर धराए

**नरसिंहगढ़ में 15 लाख की लूट करने वाले पारदी गैंग के 4 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया**




नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 09 मई, सं. पुलिस द्वारा सक्रियता एवं तत्परता से कार्यवाही करते हुए दिनदहाड़े सूने मकानों में चोरी करने वाले 03 शातिर चोरों एवं चोरी के माल को ठिकाने लगाने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. ये पारदी गैंग के लोग है और इनके अपराध करने का तरीका बाकी से बिल्कुल अलग है. ये गैंग दिनदहाड़े सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी करती थी तथा घटनास्थल पर ऐसे साक्ष्य छोड़ती थी जिससे फरियादी को आसपास के लोगों पर संदेह हो.**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 05 तोला सोना, लगभग 1 किलो 500 ग्राम चांदी, एक केटीएम बाईक, एक होंडा साइन मोटरसाइकिल एवं नगद राशि सहित कुल लगभग 15 लाख का मशरूका जप्त किया गया है.

पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं खुशी की लहर है. नरसिंहगढ़ एसडीओपी आईपीएस सुश्री मिनी शुक्ला द्वारा गठित टीम में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ उ.नि. गुंजा सोलंकी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को उक्त चोरी का पर्दाफाश करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई.

### घटना का संक्षिप्त विवरण

बीते 21 अप्रैल को फरियादी गजराज लववंशी किसी कार्य से सुबह घर से बाहर गए हुए थे. शाम को वापस आने पर घर के बाहर का ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो कमरों के ताले टूटे हुए मिले एवं सामान बिखरा पड़ा था. गोदरेज अलमारी खुली हुई मिली, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई. सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे एवं घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए गए. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 186/26 धारा 331(4), 305 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.

### पारदी गैंग के 4 लोग हिरासत में

पुलिस ने पारदी गैंगे के 4 लोगों को हिरासत में लिया है. गिरफ्तार आरोपियों में नारायण पिता आसमान पारदी, उम्र 20 वर्ष, निवासी कटरा हिल्स, भोपाल, जोगेश पिता कमलेश पारदी, उम्र 20 वर्ष, निवासी थाना बैरसिया, जिला भोपाल, इंद्रराज पिता कुंअर सिंह पारदी, उम्र 24 वर्ष, निवासी थाना अनंतपुर, जिला विदिशा, कमलेश पिता जेलर पारदी, उम्र 50 वर्ष, निवासी थाना बैरसिया शामिल है. आरोपी मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे. उत्तराखंड में भी इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 236/25 धारा 305(), 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज है.

### पुलिस विवेचना एवं बरामदगी

पुलिस टीम द्वारा 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी डेटा का गहन विश्लेषण कर निरंतर प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप घटना में संलिप्त आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया. आरोपियों से गहन पूछताछ में यह भी सामने आया कि लगभग तीन माह पूर्व ग्राम देवगढ़ में हुई चोरी की वारदात को भी इसी गैंग द्वारा अंजाम दिया गया था, जिसमें थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 41/26 पंजीबद्ध है. आरोपियों के कब्जे से चोरी गया मशरूका बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जप्त की गई.

### सोने, चांदी के जेवर जब्त किए

चोरी गई चांदी के आभूषण कुल वजन लगभग 1.5 किलोग्राम, कीमत लगभग 4 लाख रूपए. चोरी हुए सोने के आभूषण कुल वजन लगभग 05 तोला, कीमत लगभग 7 लाख 50 हजार. नगद राशि 55 हजार, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल कीमत लगभग 95 हजार, जब्त बाईक कीमत लगभग 2 लाख, कुल जप्त मशरूका लगभग 15 लाख रूपए.



# 2 सीबीएमओ सहित एक दर्जन को नोटिस थमाए

## स्वास्थ्य सूचकांकों में लापरवाही पर गिरी गाज

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 मई, का. जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की लचर स्थिति और सुधार न होने पर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है. शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की जमकर क्लास ली.**

### लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

बैठक के दौरान स्वास्थ्य सूचकांकों की समीक्षा की गई. जिसमें संतोषजनक परिणाम न मिलने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने निम्नलिखित दंडात्मक निर्देश दिए. जिनमें सीबीएमओ पर कार्रवाई मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में खराब उपलब्धि के कारण नरसिंहगढ़ सीबीएमओ डॉ. राजेंद्र अहिरवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया. वहीं, बैठक से नदारद रहने पर खिलचीपुर और राजगढ़ के सीबीएमओ को भी नोटिस थमाया गया है. वेतन कटौती स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार न होने पर संबंधितों के 15 दिवस के वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं.

नरसिंहगढ़ ब्लॉक के सभी सुपरवाइजरों और ब्यावरा के नापनेरा उप-स्वास्थ्य केंद्र के सुपरवाइजर का वेतन रोकने के आदेश दिए गए हैं. इन्हें 15 दिन के भीतर व्यवस्था सुधारने की अंतिम चेतावनी दी गई है. ब्लॉक स्तर पर जवाबदेही तय गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और समय पर जांच न होने को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है. प्रत्येक ब्लॉक से सबसे कम उपलब्धि वाले 5 सीएचओ और एएनएम को नोटिस जारी किए गए है. ओपीडी और कैंपों में लक्ष्य के अनुसार एक्स-रे न होने पर संबंधित ब्लॉक अधिकारियों को फटकार लगाई गई. केंद्रों में बच्चों की कम संख्या और 14 दिन की निर्धारित अवधि से पहले डिस्चार्ज करने पर जिले के सभी 6 एफडी (फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर) को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.

# गर्मी में सुलग रहे विद्युत उपकरण



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 मई, का. मैंटिनेंस के नाम पर प्राय: वर्ष भर ही बिजली उपकरणों की मरम्मत की जाती है, बावजूद इसके आये दिन विद्युत पोल, केबल, जम्पर, ट्रांसफार्मर में आग सुलगने की घटनाएं हो रही है. बीती रात्रि को राजगढ़ रोड पर विद्युत पोल के कनेक्शन बॉक्स में आग सुलगने की घटना हुई.**

जानकारी के अनुसार राजगढ़ रोड पर नदी पुल के समीप मुक्तिधाम जाने वाले रास्ते के निकट मौजूद विद्युत पोल से एकाएक धुआं उठने के साथ आग सुलग गई. लोगों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी. जिस पर विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर पोल में आई खराबी को दूर किया गया. काफी देर तक बिजली गुल रही.

**आये दिन विद्युत उपकरणों में हो रही खराबी -** इसके दो-तीन दिन पूर्व अहिंसा द्वार के यहां ट्रांसफार्मर में आग सुलगने का मामला सामने आया था. बीते मार्च माह की 13 तारीख की देर शाम को पुराना बस स्टेण्ड स्थित विद्युत केबल में आग सुलगने से देर तक बिजली गुल रही थी. पुराना बस स्टेण्ड पर पेट्रोल पम्प के सामने विद्युत केबल में चिंगारी के साथ एकाएक आग सुलगकर दूर-दूर तक चिंगारी उछटने लगी. जानकारी लगने पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा मरम्मत का कार्य किया. इसके चलते करीब पौन घंटे तक पुराना बस स्टेण्ड, राजगढ़ रोड, मैन मार्केट सहित अन्य जगहों पर बिजली सप्लाई प्रभावित रही. इसके पूर्व 5 मार्च को दोपहर के समय शहीद कॉलोनी स्थित विद्युत सब स्टेशन पर डीओ फुंक जाने से करीब डेढ़ घंटे तक नगर में बिजली सप्लाई ठप्प रही थी.

**चरणबद्ध तरीके से किया जाता है मैंटेनेंस-** विद्युत उपकरणों के रख रखाव को लेकर विद्युत विभाग के द्वारा समय-समय पर मैंटेनेंस कार्य किया जाता है, मैंटेनेंस के दौरान कई घंटे तक विद्युत सप्लाई बंद रखी जाती है. बावजूद इसके आये दिन विद्युत उपकरणों में फाल्ट होने की घटनाएं होती रहती है. भीषण गर्मी के दिनों में समस्या अधिक बढ़ जाती है.

### बारिश पूर्व होगा प्री मानसून मैंटेनेंस

विद्युत विभाग के अनुसार पूर्व की तरह इस बार भी बारिश के पूर्व प्री मानसून मैंटेनेंस का कार्य चरणबद्ध समयानुसार होगा ताकि वर्षाकाल के दिनों में तेज आंधी, बारिश के कारण बिजली सप्लाई प्रभावित न हो और परेशानी का सामना न करना पड़े. वर्तमान में आरडीएस योजना के तहत कार्य जारी है जिसमें केबल बदलने के साथ ही अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, विद्युत उपकरणों को अधिक बेहतर और व्यवस्थित किया जाने का कार्य किया जा रहा है.

### किला क्षेत्र का रसोड़ा समाज की धरोहर

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 09 मई, का.** स्थानीय राजपूत वोडिंग राजगढ़ में राजपूत समाज के द्वारा वीर शिरोमणि महराणा प्रताप जी की जयंती मनाई गई. महाराणा प्रताप जी के शौर्य, बलिदान, मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके द्वारा किए गये त्याग को स्मरण किया गया. प्रदीप सिंह राणावत, राजेन्द्र सिंह राठौड़, श्री भाटी, प्रदीप सिंह चौहान के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गये. इस अवसर पर राजगढ़ स्थित रियासतकालीन राज महल किला क्षेत्र विजय भवन के पीछे माता मंदिर के आसपास का एक भाग जो रसोड़ा के नाम से जाना जाता है के संबंध में नगर पालिका परिषद राजगढ़ द्वारा 29 अप्रैल 2026 को विज्ञप्ति जारी की गई. जिसमें राजमहल का यह रसोड़ा, प्रताप नगर दादावाड़ी कोटा राजस्थान निवासी महेश शर्मा के नाम पर नामान्तरण कराने का उल्लेख है. इस हेतु संबंधित द्वारा आवेदन किया गया है. इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह रसोड़ा राजमहल का हिस्सा है जिसे पूर्व राजा विक्रमादित्य सिंह द्वारा राजगढ़ के राजपूत समाज को देने का आश्वासन दिया गया था. कहा गया कि इस रसोड़ा को समाज हित में मूर्तरुप देने के लिए राजपूत समाज राजगढ़ कटिबद्ध है.

# परिवहन में तेजी लाओ, वेयरहाउसों में नई आवक के लिए जगह सुनिश्चित हो

## प्रभारी मंत्री ने की गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा, गेहूं परिवहन बढ़ाने के निर्देश दिए




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 मई, का. जिले के प्रभारी मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन कश्यप ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में संचालित गेहूं उपार्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों पर परिवहन व्यवस्था को और अधिक गति दी जाए तथा उपार्जित गेहूं का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े.**

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा, विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित जिला उपार्जन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे.

प्रभारी मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि एसडीएम स्तर पर प्रतिदिन एक खरीदी केंद्र में 50 स्लॉट परिवर्तन किए जा सकते हैं. इस व्यवस्था की जानकारी किसानों तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों को सुविधा मिल सके. उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने का आग्रह किया तथा उनके सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. साथ ही किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री श्री कश्यप ने यह भी निर्देश दिए कि जिन वेयरहाउसों की क्षमता पूर्ण हो चुकी है, वहां संग्रहित गेहूं को अन्य स्थानों पर शिफ्ट कर शीघ्र नए स्थानों पर खरीदी कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि उपार्जन कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सके.

### कलेक्टर द्वारा रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता

**राजगढ़ 09 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सुमन वर्मा को 20 हजार रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदाय की गई. आवेदिका के द्वारा बताया गया कि आरोग्य अस्पताल के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट लगी हैं. जिसमें आवेदिका के पैर की हडडी टूट गई. वर्तमान में आवेदिका का ईलाज आरोग्य अस्पताल में चल रहा हैं.

# सुधार पायलट प्रोजेक्ट : स्मार्ट क्लास और डिजिटल एजुकेशन बनेगा हथियार

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 मई, का. जिले की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, प्रभावी एवं विद्यार्थी केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और नवाचारी पहल करते हुए डिजिटल एजुकेशन एवं अकादमिक सुधार पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया. इस अभिनव परियोजना के अंतर्गत जिले के अनुभवी, नवाचारी एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों के उच्च गुणवत्ता वाले डिजिटल कंटेंट तैयार किए जाएंगे. इनमें वीडियो लेक्चर, अध्यायवार प्रेजेंटेशन, मॉडल प्रश्न पत्र, अभ्यास सामग्री, विषय आधारित गतिविधियां एवं परीक्षा उन्मुख अध्ययन सामग्री शामिल रहेगी.** इन डिजिटल संसाधनों का उपयोग विद्यालयों में चयनित डिजिटल शिक्षक स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रभावी एवं रोचक शिक्षण प्रदान करने हेतु करेंगे. जिला प्रशासन द्वारा जिले के विद्यालयों में उपलब्ध स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, डिजिटल बोर्ड एवं आईसीटी लैब जैसी सुविधाओं का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा. यह पहल विशेष रूप से बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार, विद्यार्थियों की विषयगत समझ को मजबूत करने तथा शिक्षा को अधिक विद्यार्थी केंद्रित बनाने में सहायक सिद्ध होगी. इस अभिनव पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन राजगढ़ द्वारा विषय विशेषज्ञ एवं अनुभवी शिक्षकों की एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित शिक्षकों ने सहभागिता करते हुए डिजिटल शिक्षण सामग्री निर्माण, स्मार्ट क्लास संचालन, तकनीक आधारित शिक्षण पद्धति एवं अकादमिक गुणवत्ता सुधार से संबंधित सुझाव साझा किए.

**अच्छी बात** — पति-पत्नी के बीच मनमुटाव दूर कर टूटते परिवारों को दिया नया जीवन

# लोक अदालत : बिखर रहे 6 परिवारों को टूटने से बचाया



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 मई, का. नेशनल लोक अदालत के अवसर पर महिला सुरक्षा शाखा जिला राजगढ़ में आयोजित सुनवाई के दौरान आपसी विवाद के चलते पृथक-पृथक रह रहे 06 परिवारों को पुन: मिलाने में सफलता प्राप्त हुई. पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे मनमुटाव, गिले-शिकवे एवं पारिवारिक विवादों को समझाइश एवं आपसी सहमति से समाप्त कर पुन: एकजुट किया गया. प्रथम न्यायाधीश न्यायालय राजगढ़ द्वारा नेशनल लोक अदालत के अवसर पर महिला सुरक्षा शाखा जिला राजगढ़ को पति-पत्नी संबंधी विवादों के निराकरण हेतु खंडपीठ क्रमांक-32 का गठन किया गया था.**

पीठासीन अधिकारी अरविंद सिंह राठौर, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा जिला राजगढ़, महिला थाना प्रभारी कुसुम बास्कले एवं अधिवक्ता अंकित कुमार यादव द्वारा कुल 08 प्रकरणों की सुनवाई की गई.

सुनवाई के दौरान पाया गया कि पति-पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव एवं छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद उत्पन्न होने से परिवार विघटन की स्थिति निर्मित हो गई थी. समिति द्वारा दोनों पक्षों की धैर्यपूर्वक काउंसलिंग एवं समझाइश दी गई, जिसके परिणामस्वरूप 08 में से 06 परिवार पुन: साथ रहने के लिए राजी हो गए.

एक प्रकरण में आवेदक (परिवर्तित नाम) राजू एवं अनावेदिका (परिवर्तित नाम) राधिका विगत 06 माह से अलग रह रहे थे. घरेलू विवाद एवं पति द्वारा शराब सेवन के कारण दोनों के बीच मतभेद उत्पन्न हो गए थे. नेशनल लोक अदालत की भावना के अनुरूप दोनों पक्षों को समझाइश दी गई, जिसके बाद पति द्वारा भविष्य में शराब का सेवन नहीं करने एवं आपसी विवाद समाप्त करने की सहमति दी गई. तत्पश्चात दोनों पक्षों को राजीखुशी एक साथ विदा किया गया.

लोक अदालत में प्रारंभिक वातावरण तनावपूर्ण था एवं परिवार विघटन की स्थिति स्पष्ट दिखाई दे रही थी, किन्तु समिति द्वारा धैर्यपूर्वक संवाद, समझाइश एवं विश्वास बहाली के प्रयासों से 06 प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच की गलतफहमियाँ दूर हुई. परिणामस्वरूप संबंधित पक्षों ने पुन: अपने वैवाहिक जीवन को साथ निभाने का निर्णय लिया तथा जीवनभर सहयोग एवं सम्मान बनाए रखने का वचन दिया.

### 260 प्रकरणों का निराकरण, 26 लाख राजस्व आया

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 09 मई, का.** शनिवार को स्थानीय पुराना तहसील परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद सहित अन्य विभागों के द्वारा केम्प लगाए गये. विद्युत विभाग के ब्यावरा डिवीजन के तहत 260 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें विभाग को 26 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ. धारा 135, 126 के तहत प्रकरणों के मामले निराकृत हुए.

**कर्मचारियों की आवश्यकता हैं**

हॉस्टल के लिए चौकीदार, खाना बनाने वाली बाई एवं वार्डन की आवश्यकता है. वेतन योग्यता अनुसार. रहना खाना फ्री.

**संपर्क** – के के मेमोरियल पब्लिक स्कूल राजगढ़ **मोबाइल 9827869751 बिल 22 मई**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा

क्रमांक/2366 to 2367/लोक निर्माण शाखा/2026 विदिशा, दिनांक 06/05/2026

## :: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र | निविदा क्र | ई-टेन्डर न. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2366 | 2026_UAD_505719_1 | Construction work of C.C. Road at ward no. 18 ballbhdas dharmshala to atul gas agency vidisha | I Call | 726965.00 | 7270.00 | 2000.00 | 03 Month | 22/05/2026 |
| 2 | 2367 | 2026_UAD_505726_1 | Construction work of C.C. Road at ward no. 18 balveer singh tomar house to ritha pathak house. | I Call | 761079.00 | 7611.00 | 2000.00 | 03 Month | 22/05/2026 |

नोट :- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाइट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,विदिशा**

**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27

प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

**दस्तावेजों का सत्यापन** 04/05/26 से 15/05/26

**सीट आवंटन** 20/05/26

निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

**विशेष** जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज- 10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -04 जून 2026